चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : उपाधि/0289
दिनांक : 25.05.22

विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय की विज्ञप्ति संख्या–उपाधि/0281, दिनांक 19.05.2022 द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया गया था कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध राजकीय/अनुदानित/स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों/संस्थानों एवं परिसर में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में वर्ष 2016–17, 2017–18, 2018–19 तथा 2019–20 में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा प्रथम चरण में उनके द्वारा उपलब्ध कराये गये डाक के पते पर निःशुल्क उपाधि उपलब्ध कराये जाने का निर्णय लिया गया है। यदि उक्त अवधि के पूर्व के छात्र भी अपनी उपाधि निःशुल्क प्राप्त करना चाहते हैं तो वह भी उक्त लिंक पर अपना पूर्ण विवरण उपलब्ध कराकर अपने डाक के पते पर निःशुल्क मूल उपाधि प्राप्त कर सकते हैं।

संज्ञान में आया है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध राजकीय/अनुदानित/स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों/संस्थानों के वर्ष 2014 से 2020 तक उत्तीर्ण संस्थागत (regular) छात्र/छात्रायें भी अपनी मूल उपाधि हेतु ऑनलाईन आवेदन कर रहे हैं। ऐसे छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2014 से 2017 तक राजकीय/अनुदानित/स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों/संस्थानों से उत्तीर्ण समस्त पाठ्यक्रमों के संस्थागत (regular) छात्र/छात्राओं एवं वर्ष 2018 व 2019 में राजकीय/अनुदानित महाविद्यालय से उत्तीर्ण संस्थागत (regular) छात्र/छात्राओं तथा वर्ष–2020 में राजकीय/अनुदानित महाविद्यालयों के समस्त पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण संस्थागत (regular)/व्यक्तिगत (private) छात्र/छात्राओं की मूल उपाधि उनके महाविद्यालयों को प्रेषित की जा चुकी हैं। अतः ऐसे समस्त छात्र/छात्रा अपनी मूल उपाधि अपने सम्बन्धित महाविद्यालय से प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

उक्त के अतिरिक्त ऐसे छात्र/छात्रायें जिनका उक्त वर्षों में परीक्षा परिणाम निरूद्ध (Detain) रहा है अथवा बैक पेपर अथवा भूतपूर्व छात्र के रूप में परीक्षा में सम्मिलित होकर उपाधि पूर्ण की है वे छात्र/छात्रा विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** पर **Stduent Help Desk** में दिये गये लिंक **Provide Information to get only Original degree** पर जाकर वांछित विवरण उपलब्ध कराकर अपनी मूल उपाधि प्राप्त कर सकते हैं।

यह भी सूचित किया जाता है कि उक्त रीति से उपाधि प्राप्त करने हेतु बनाये गये ऑनलाईन लिंक पर वांछित विवरण उपलब्ध कराये जाने पर ही उपाधि निर्गत की जायेगी। मूल उपाधियों को प्राप्त करने के लिये अब ऑफलाईन आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

25/05/2022

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, कुलपति को मा० कुलपति महोदया के सादर संज्ञानार्थ।
2. सचिव, प्रति–कुलपति को मा० प्रति–कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
3. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, सम्बद्ध चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आशय से कि अपने महाविद्यालय/संस्थान के छात्र/छात्राओं को उपरोक्त विज्ञप्ति से अवगत कराने का कष्ट करें।
4. वैयक्तिक सहायक, वित अधिकारी को वित अधिकारी महोदय के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
6. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
7. सहा० कुलसचिव (प्रशासन) को इस आशय से कि इण्डियन बैंक को मूल उपाधि हेतु प्रेषित किये गये विगत वर्षों के आवेदन फार्मों को वापस प्राप्त कर स्टोर में अनुरक्षित करना सुनिश्चित करें।
8. प्रभारी, वेबसाईट चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
9. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित कि वे छात्र हित में उक्त सूचना विश्वविद्यालय के परिक्षेत्र में आने वाले समस्त जिलों के सम्मानित समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
10. पोस्ट मास्टर, चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

सहा० कुलसचिव (गोपनीय)